सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 6 | अजमेर, मंगलवार 10 सितम्बर 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


## सम्पादकीय



## अब रेत भरे कट्टों पर स्मार्ट सिटी की सुरक्षा का जिम्मा

विजय सिंह

अत्यधिक बारिश के बाद स्मार्ट सिटी अजमेर की जानमाल की सुरक्षा का सारा भार रेत से भरे कट्टों पर आ गया है। आनासागर स्कैप चैनल से चल रही चादर से बेकाबू हो रहे पानी को थामे रखने के लिए केसरबाग पुलिस चौकी से महावीर सर्किल तक के रास्ते पर आवागमन रोक दिया गया। रेत भरे कट्टे लगाकर पानी के बहाव को कम करने की नाकाम कोशिश में कोई कमी नहीं छोडी जा रही।सूचना केन्द्र से लेकर हाथी भाटा तक स्कैप चैनल से बाहर कुलाचें मारते पानी को रेत के कट्टों से भले ही रोक दिया गया हो लेकिन यहीं पानी पॉश कालोनी ब्रह्मपुरी व टीबी अस्पताल के हालात टापू के मानिंद किए हुए है। इस इलाके के बाशिदें पिछले कई दिन से अपने घरों में कैदी की भांति कैद हैं। आगरागेट और सूचना केन्द्र चौराहे पर बैरिकेड्स लगाकर इस मार्ग को यातायात के लिए बंद कर देने से कोढ में खाज वाली स्थिति हो गई है।

आनासागर ओवरफ्लो होने के बाद फॉयसागर झील के रौद्र रूप धारण कर लेने से हर आम और खास के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई है। झील की पाल से जिस गति से पानी का रिसाव हो रहा है वह शुभ संकेत नहीं है। यहां भी करीब 3000 रेत भरे कट्टों को पाल के किनारे लगा देने का दावा करने वाले भयभीत प्रशासन ने आखिरकार सेना की मदद लेना मुनासिब समझा। अजमेर शहर से महज छह किलोमीटर दूर फॉयसागर झील की भराव क्षमता 27 फीट है। वर्तमान में इस झील का पानी छलक कर तेज गति से बांडी नदी के रास्ते आनासागर में पहुंचकर संकट को बढा रहा है।

फिलहाल अजमेर में अत्यधिक बारिश से बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। निचली बस्तियों में पानी की निकासी ना होने से लोगों का चैन छिना हुआ है। सड़कों पर पानी बहने से प्रमुख रास्ते बंद होने से शहर दो भागों में बंट गया है। खस्ताहाल कचहरी रोड पर यातायात का भारी दबाव होने से बार बार जाम की स्थिति बन जाती है। बहुमंजिला भवनों के बेसमेंट पानी से लबालब हैं। संभाग के सबसे बडे जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के कई वार्डों में बारिश का पानी जमा होने से मरीजों को शिफ्ट करना पडा। पुष्कर रोड स्थित मित्तल अस्पताल के बाहर सडक ने नदी का रूप ले रखा है। संत फ्रांसिस अस्पताल के सामने की सड़क बारिश के दौरान जलमग्न हो जाती है। पानी में डूबी अनेक रहवासी कॉलोनियां के नागरिक दुखी और परेशान हैं। जलभराव वाले इलाकों में जनप्रतिनिधियों के दौरे आश्वासन के जुमलों और राजनीति चमकाने से इतर कुछ अधिक प्रभावकारी होते नजर नहीं आ रहे। स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च किए गए 2 हजार करोड़ रुपयों का सच शहर में आतंक मचा रहा बरसाती पानी बयां कर रहा है। सेना के जवानों के मोर्चा संभाल लेने से आमजन को आशा बंधी है। इस बीच चीफवार्डन के सक्रिय ना रहने से सिविल डिफेंस के वालेंटियर्स कागजी घोडे की तरह बेलगाम दौड रहे है। आपदा में सतर्क करने के लिए बरसों पहले लगाए गए दर्जनभर सायरनों में से शायद ही किसी में प्राण शेष बचे हों।

## राजस्थान में छात्र संघ चुनाव कराए जाने चाहिए -अशोक गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि राजस्थान में राज्य सरकार को छात्र संघ चुनाव कराए जाने चाहिए। गहलोत ने सोमवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा छात्रसंघ चुनावों को पुनः शुरू नहीं करना उचित नहीं है। हमारी सरकार के दौरान विधानसभा चुनावों की पूर्व तैयारी के कारण चुनाव स्थगित किए गए थे परन्तु अब ऐसी कोई परिस्थिति नहीं है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की राजनीति में मेरे सहित पक्ष.विपक्ष के तमाम विधायक सांसद मंत्री छात्रसंघ की राजनीति से निकलकर आए हैं। स्वयं मुख्यमंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ;एबीवीपी के सदस्य रहे हैं।छात्रसंघ चुनाव राजनीति की प्रारंभिक पाठशाला है इसलिए चुनाव शुरू करवाए जाने चाहिए एवं छात्रसंघ चुनावों के लिए बनाई गई आदर्श आचार संहिता की पालना भी सुनिश्चित कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनावों की मांग करने वाले तमाम छात्र नेताओं पर बल प्रयोग किया गया जो उचित नहीं है।

## फॉयसागर झील ऑवरफ्लो, दोनों पाल सुरक्षित



अजमेर। फॉयसागर झील के ऑवरफ्लो होने से उसकी दोनों पाल का संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण करने के उपरान्त उन्हें सुरक्षित पाया गया। अतिरिक्त कलक्टर ज्योति ककवानी ने बताया फॉयसागर की सम्पूर्ण पाल का निरीक्षण करने एवं उसमें तत्काल किए जाने वाले सुधारात्मक प्रयासों का आकलन कर कार्य शुरू करने के लिए कलक्टर लोकबन्धु द्वारा तकनीकी अधिकारियों की समिति का गठन किया गया है। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता अजमेर विकास प्राधिकरण अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजमेर स्मार्ट सिटी, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग एवं अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग शामिल है। उन्होंने बताया कि इस कमेटी द्वारा सोमवार को फॉयसागर झील तथा उसके केचमेण्ट एरिया के साथ-साथ पाल का भी निरीक्षण किया गया। फॉयसागर झील की हाथीखेडा रोड स्थित वेस्टविचर पर जहां-जहां पानी का रिसाव व गेटों के पास से हो रहे पानी के रिसाव को रोकने के लिए लगाए गए कट्टों व पाल की मजबूती के लिए किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया। कमेटी द्वारा यह निष्कर्ष निकाला गया कि पर्याप्त मात्रा में कट्टे लगवाकर पाल को सुरक्षित कर दिया गया है। प्रथम दृष्टिया में दोनों पाल सुरक्षित है। मानसून विभाग द्वारा की गई आगामी वर्षा की फॉरकास्ट रिपोर्ट देखते हुए मौके पर अतिरिक्त कट्टों के स्टॉक के साथ-साथ मानव संसाधनों की तैनाती की जाएगी।उन्होंने बताया कि अजमेर जिले की औसत वर्षा 550 एमएम है। इस वर्ष अजमेर जिले में औसत वर्षा 9 सितम्बर तक 690.69 एमएम है। यह अजमेर जिले की औसत वर्षा से 25.58 प्रतिशत अधिक है। अजमेर शहर में इस वर्ष अब तक 888 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। फॉयसागर झील की चादर इस मानसूनकाल में अधिकतम 6 सितम्बर को एक फीट चली थी। इससे एक दिन में 78.935 एमसीफीट पानी की निकासी हुई। इस वर्ष फॉयसागर झील से आज तक 489.58 एमसीफीट पानी ऑवरफ्लो होकर बांडी नदी से होते हुए आनासागर झील में गया है।

## रघु शर्मा ने केकड़ी जिले को समाप्त करने के बयान की तीखी आलोचना की



अजमेर। राजस्थान के पूर्व चिकित्सा मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ रघु शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के केकड़ी जिले को समाप्त करने के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए इसकी तीखी आलोचना की है। केकड़ी में सोमवार को डॉ शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि हाकम बदलता है हुकुम नहीं। पहले भी नए जिले बने हैं सरकारें बदली पर किसी ने भी जिलों से छेड़छाड़ नहीं की। उन्होंने कहा कि केकड़ी के एक लाख 81 हजार लोगों ने मोबाइल नंबर सहित हस्ताक्षर करके जयपुर जाकर ज्ञापन दिया था। तब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनभावनाओं का आदर करते हुए केकड़ी को जिला बनाने का निर्णय किया। शर्मा ने राठौड़ से सवाल किया कि वे केकड़ी के निवासियों में से एक भी नाम गिना दें जो कड़ी को जिला बनाने के विरोध में है। फिर राठौड़ ने अपने बयान में कैसे कह दिया केकड़ी के लोग नहीं चाहते। प्रदेश अध्यक्ष जैसे जिम्मेदारी वाले पद पर बैठे सम्मानीय राठौड़ से ऐसे बचकाने बयान की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि केकड़ी से अजमेर मुख्यालय 130 किलोमीटर दूर है। यहां के लोगों को अपना काम कराने के लिए सुबह से शाम हो जाती है। काम नहीं होते पुनः जाना होता है। दूरी उनके लिए परेशानी खड़ी करती है। यह 50 वर्षों से पिछड़ा शहर रहा है। गहलोत सरकार ने जनता की इच्छा का सम्मान करते हुए केकड़ी को जिला बनाया है। इससे छेड़छाड़ कदापि बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि राठौड़ केकड़ी के विषय में रामलुभाया कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन कर लें तो अच्छा रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की कि रा'य सरकार केकड़ी जिले पर अपना रुख स्पष्ट करे।

## माली सैनी संस्थान ने समाज की 163 प्रतिभाओं के सम्मान में बिछाए पलक पांवड़े

### माली सैनी संस्थान का 9वां मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह



अजमेर। माली सैनी संस्थान की ओर से रविवार को आनंद पैलेस गुलाबबाडी में आयोजित 9वें मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 163 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत विशिष्ट अतिथि त्रिलोकचंद इंदौरा विजय सिंह भाटी, ज्ञानचंद सैनी, कैलाश राज सैनी, मांगीलाल तंवर, विजय कुमार सैनी ने इन प्रतिभाओं को सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि गहलोत ने कहा कि जब तक समाज नशा, अशिक्षा, दहेज, मृत्युभोज जैसी कुरीतियों से दूर नहीं होगा तब तक उसका उत्थान नहीं होगा। सभी को अपनी हैसियत के अनुसार सामाजिक एवं धमार्थ कार्य करने चाहिए। इससे ना केवल समाज का गरीब और वंचित वर्ग उसका लाभ उठा सकेगा बल्कि उनका भी मनुष्य जीवन सार्थक हो सकेगा। दिल्ली से आए ज्ञानचंद सैनी, जयपुर के निरंजन महावर, अहमदाबाद के मांगीलाल तंवर ने भी संबोधित किया।सचिव मुकेश कुमार अजमेरा ने बताया कि कक्षा 10वीं में गोविंद सैनी को 92 प्रतिशत, कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में कीर्ति तूनवाल 94 20 प्रतिशत, कला वर्ग में मानसी जादम को को 93 20 प्रतिशत और वाणिज्य वर्ग में हर्षित सैनी को 98 प्रतिशत अंक लाने पर सम्मानित किया गया। मुस्कान सोलंकी को एमडीएसयू से एमएससी गणित गोल्ड मैडलिस्ट को भी सम्मानित किया गया।खेलकूद क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेने वाले 18 खिलाडी सम्मानित हुए। संस्था अध्यक्ष राजेश भाटी ने स्वागत भाषण दिया। संचालन डॉ जितेन्द्र मारोठिया, डॉ योगेन्द्र सैनी, कन्हैयालाल सांखला और विपिन कुमार सोलंकी ने किया। इस अवसर पर चेतन सैनी, पूनमचंद मारोठिया, राजकुमार मारोठिया, धर्मेन्द्र सिंह टांक, राजकुमार गहलोत, करण सिंह बनिश्यिा, महेश चौहान, हनुमान प्रसाद कछावा, राजेन्द्र महावर, महेन्द्र तंवर,रवि उबाणा, किशोर भाटी, अशोक तंवर, अरविंद सिसोदिया, मनोहर भाटी, सुनील गहलोत, पीआर परिहार सीमा चौहान, पूनम तंवर,सीमा भाटी, मीनू तंवर, सपना सैनी संतोष मौर्य, पंकज गढ़वाल, हरीश सतरावला, खुशीराम गहलोत, राजेश गढ़वाल, धर्मेंद्र चौहान, मनीष टांक, सुनील मालाकार, दिलीप गहलोत आदि मौजूद रहे।



## बीसीसीआई ने की बांग्लादेश के साथ होने वाले पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ;बीसीसीआई की राष्ट्रीय चयन समिति ने रविवार को बंगलादेश के साथ इस महीने होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।बीसीसीआई द्वारा घोषित टीम के अनुसार दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले आकाशदीप और यश दयाल को टीम में जगह मिली है। वहीं ऋषभ पंत और केएल राहुल की टीम में वापसी हुई है। भारतीय टीम इसी महीने अपने घर में बांग्लादेश के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला चेन्नई में 19 सितम्बर से जबकि दूसरा मैच 27 सितंबर से कानपुर में होगा। पहले टेस्ट मैच के लिए घोषित भारतीय टीम इस प्रकार है- रोहित शर्मा ;कप्तान यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत ;विकेटकीपर, ध्रुव जुरेल ;विकेटकीपर आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप,जसप्रीत बुमराह और यश दयाल।

## नीमराणा में होटल हाईवे किंग पर बदमाशों की फ़ायरिंग, मांगी 5.5 करोड़ रुपए फ़िरौती



अलवर। राजस्थान में कोटपुतली बहरोड़ जिले के नीमराणा में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल हाईवे किंग पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फ़ायरिंग कर 5.5 करोड़ रुपए की मांग की पर्ची थमा कर भाग गए।मोटरसाइकिल पर सवार दोनों बदमाशों ने जो पर्ची थमाई है उस पर गुड़गांवा की कौशल गैंग लिखा था और 5.5 करोड़ रुपए की मांग की है। जिला पुलिस अधीक्षक बंदिता राणा की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सुबह 6 बजे होटल हाईवे किंग पर दो बदमाशों ने फ़ायरिंग की है। मामले की जांच की जा रही है और बदमाशों की पकड़ के लिए नाकेबंदी की गई है।बदमाशो ने फ़िरौती की मांग को लेकर पहले पर्ची थमाई और 5.5 करोड़ की मांग की। बदमाशों ने 20 राउंड से अधिक फायरिंग की। होटल के शीशे दीवारों पर गोली के निशान आसानी से देखे जा सकते हैं। होटल पर सुबह करीब छह बजे बदमाशों ने आधुनिक हथियारों के साथ फायरिंग की।

## यूट्यूब पर वीडियो देखकर आपरेशन करने वाला फर्जी डाक्टर अरेस्ट

छपरा। बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में यूट्यूब पर वीडियो देखकर आपरेशन करने वाले फर्जी चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया गया है।सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने यहां बताया कि शनिवार को मोतीराजपुर गांव स्थित एक निजी अस्पताल का चिकित्सक अजीत कुमार पुरी मढ़ौरा थाना क्षेत्र के भुवालपुर गांव निवासी चंदन साह के पुत्र कृष्णा कुमार उर्फ गोलू के पेट का आपरेशन यूट्यूब देख कर रहा था।इस दौरान उक्त किशोर की स्थिति खराब होने पर उसने स्वयं एम्बुलेंस बुलाकर किशोर को पटना भेज दिया। रास्ते में ही उक्त किशोर की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव लेकर उक्त चिकित्सक के निजी अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई थी।रविवार की देर रात को सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त चिकित्सक को बहनिया पहाड़पुर गांव एक एक मकान से गिरफ्तार किया है जिसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 105;1 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।



## कोटा में ई.मित्र संचालक 5000 रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

कोटा। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने कोटा जिले के चेचट तहसीलदार के लिये पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते ई.मित्र संचालक हरीश मांडोत को गिरफ्तार किया है।ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने एसीबी को शिकायत की थी कि उसकी बहन के मकान की गिफ्ट डीड की रजिस्ट्री करवाने की एवज में तहसीलदार चेचट के लिए आरोपी हरीश मण्डोत सात हजार रुपए रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत का सत्यापन करने के बाद आज कार्रवाई करते हुए तहसीलदार चेचट के लिए परिवादी से पांच हजार रुपए रिश्वत राशि लेते आरोपी हरीश माण्डोत ई.मित्र संचालक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## सुप्रीमकोर्ट ने खारिज की इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोकने की याचिका



नई दिल्ली। सुप्रीमकोर्ट ने भारत से इजराइल को हथियार आपूर्ति रोकने की मांग को लेकर भारतीय विदेश सेवा ;आईएफएस के पूर्व अधिकारियों समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक समूह की ओर से दायर रिट याचिका सोमवार को खारिज कर दी।मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह मुद्दा विदेश नीति के दायरे में आता है और केंद्र सरकार को किसी भी देश को कोई सामग्री का निर्यात रोकने का निर्देश देना इस अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 162 का हवाला देते हुए कहा कि विदेशी मामलों में संलग्न होने के लिए प्राधिकार और अधिकार क्षेत्र केंद्र सरकार में निहित है।

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने उनसे पूछा कि अदालत इस तरह का अधिकार क्षेत्र कैसे अपना सकती है। पीठ ने कहा कि हम सरकार से यह नहीं कह सकते कि आप किसी खास देश को हथियार निर्यात न करें या उस देश को हथियार निर्यात करने वाली कंपनियों के लाइसेंस रद्द करें। यह विदेश नीति का मामला है जिसे सरकार को देखना है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त किया कि अदालत सरकार से कैसे कह सकती है कि किसी देश को हथियारों का निर्यात नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा कि अदालत को इस तरह की शक्ति कहां से मिलती है राष्ट्रीय हित का मूल्यांकन सरकार को करना होता है।भूषण ने तर्क दिया कि अगर नीति संविधान और कानून के खिलाफ हो तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है।

इस पर पीठ ने फिर आश्चर्य जताया कहा कि क्या शीर्ष अदालत रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में सरकार को रूस से तेल का आयात बंद करने का निर्देश दे सकती है।अवकाश प्राप्त आईएफएस अधिकारी अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से याचिकाकर्ताओं ने हाल ही में एक रिट याचिका दायर की थी है। इस याचिका में शीर्ष अदालत से अनुरोध किया गया था कि वह केंद्र सरकार को निर्देश दे कि वह गाजा में युद्ध के दौरान इजराइल को सैन्य हथियार और गोला.बारूद की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के मौजूदा लाइसेंस रद्द करे। याचिका में दावा किया गया था कि लाइसेंस की यह अनुमति कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संविधान का उल्लंघन है। यह याचिका शर्मा के नेतृत्व में मीना गुप्ता, देब मुखर्जी अचिन वानाइक, यां द्रेज़ थोड़ुर मदाबुसी कृष्णा हर्ष मंदर, निखिल डे और अन्य ने संयुक्त रूप से दायर की गई थी।

याचिकाकर्ताओं ने हाल ही में 26 जनवरी 2024 को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ;आईसीजे के एक फैसले का हवाला दिया जिसमें नरसंहार के अपराध की रोकथाम और दंड पर कन्वेंशन के तहत दायित्वों के गाजा पट्टी में उल्लंघन के लिए इजराइल के खिलाफअंतरिम उपाय करने का आदेश दिया गया था। अंतरिम उपायों में इजराइल द्वारा फिलिस्तीनी लोगों पर किए जा रहे सभी हत्याओं और विनाश को तत्काल सैन्य रोक लगाना शामिल था।

याचिका में दावा किया गया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मुनिशन इंडिया के माध्यम से इजराइल को हथियार आपूर्ति करने और उसी उद्देश्य के लिए दूसरों को लाइसेंस देने में केंद्र सरकार ने स्थिति की पूरी जानकारी के साथ अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों की कथित तौर पर अनदेखी की है। हथियारों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों में मेसर्स प्रीमियर एक्सप्लोसिव और अडानी डिफेंस एंड एरोपेस लिमिटेड जैसी निजी फर्में शामिल थीं।याचिका में बताया गया था कि जुलाईए 2024 में आईसीजे ने उल्लेख किया कि इजराइल द्वारा फिलिस्तीनी लोगों पर असंगत हिंसा के उपयोग के माध्यम से एक कब्ज़ा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का निरंतर दुरुपयोग अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और कब्जे वाले क्षेत्र में इजराइल की उपस्थिति को गैरकानूनी बनाता है। याचिका में यह भी कहा गया था कि हथियारों की निरंतर आपूर्ति संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के साथ 51;सी के तहत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत भारत के दायित्वों का उल्लंघन है।

## महंत नृत्यगोपाल दास अस्पताल में भर्ती

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अध्यक्ष तथा मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास को तबियत खराब होने के कारण लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है।विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने सोमवार को बताया कि महंत नृत्यगोपाल दास की उम्र करीब 87 साल की है वह 24 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मथुरा गए हुए थे। सात सितम्बर को उनकी तबियत खराब हुई थीए तो स्थानीय डाक्टरों को दिखाया गया था।उन्होंने बताया कि तबियत में कोई सुधार न होने के कारण आठ सितम्बर रविवार देर रात मेदान्ता अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया। उन्हे आईसीयू में भर्ती कराया गया है जहां विशेषज्ञ डाक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। उनकी सेहत अब सामान्य बतायी जा रही है। दास को पेशाब में संक्रमण और खाने की समस्या बताई गई है। दास के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। डॉक्टरों ने तबियत को सामान्य बताया है।

### सवाईभोज मंदिर मेला ग्राउंड में तीन दिवसीय मेला

## ओमप्रकाश भडाना ने किया आसींद में भगवान देवनारायण मेले का शुभारंभ



भीलवाड़ा। आसींद कस्बे स्थित भगवान देवनारायण की जन्म स्थली पर भादवीछठ पर्व के अवसर पर गुर्जर समाज के अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ सवाईभोज मंदिर मेला ग्राउंड में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मेले का शुभारम्भ मुख्य अथिति देवरायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने महंत सुरेश दास से आशीर्वाद पश्चात फीते की गांठ खोल कर किया।

भडाना ने इस अवसर पर कहा कि मेले केवल आस्था का प्रतीक नहीं हैं बल्कि ये सामाजिक समरसता एकता और भाईचारे को भी दर्शाते हैं। ये मेले सशक्त उदाहरण है की हम मिलकर एक बेहतर संगठित समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे राजस्थान सरकार के देवनारायण बोर्ड की शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करें।

भडाना ने समाज में प्रचलित कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर भी बल दियाए विशेषकर जन्म मरण और परण पर होने वाले अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण लगाने का आग्रह करते हुए भगवान देवनारायण की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। इस मेले का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देना है और यह समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता और भाईचारे को प्रोत्साहित करता है।आसींद से महज 7 किलोमीटर दूर मालासेरी की डूंगरी में भगवान देवनारायण का अवतार हुआ था। उसी के समीप गुर्जर समाज का अंतरराष्ट्रीय सवाई भोज मंदिर स्थित है। गुर्जर समाज के लोग भादवा मास को बड़ा माह मानते हैं। राजस्थान ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब व अलग.-अलग राज्यों से काफी संख्या में श्रद्धालु भगवान देवनारायण के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।इस अवसर आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखलाए पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, आसींद नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू सहित प्रबुद्ध समाजजन व ग्रामीण उपस्थित रहे।



## यूपीआई धोखाधड़ी: तेलंगाना पुलिस ने राजस्थान से 13 लोगों को किया अरेस्ट

हैदराबाद। तेलंगाना साइबराबाद पुलिस ने 4 करोड़ रुपए के यूपीआई धोखाधड़ी में शामिल 20.25 साल की उम्र के 13 सदस्यीय गिरोह को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केपीएचबी पुलिस माधापुर और नरसिंगी पुलिस की मदद से रविवार को राजस्थान से गिरोह के सदस्यों को पकड़ा। साइबराबाद के पुलिस उपायुक्त के नरसिम्हा ने सोमवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि यह गिरोह हाई.टेक यूपीआई धोखाधड़ी और धोखाधड़ी योजनाओं में शामिल था।इस गिरोह के सदस्यों ने एक प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठान मेसर्स बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स को लगभग 4 करोड़ रुपए का चूना लगाया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 1.72 लाख रुपए की नकदी के अलावा 50 लाख रुपए के इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किए गए हैं। साइबराबाद हैदराबाद और राचकोंडा कमिश्नरेट के साथ.साथ तेलंगाना राज्य के अन्य महानगरीय शहरों के विभिन्न थानों में कई धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें सभी बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े थे और कुल मिलाकर 4 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स से सूचना मिलने पर शमशाबाद सीसीएस पुलिस और केपीएचबी पुलिस माधापुर और नरसिंगी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि राजस्थान के कुछ लोग शोरूम में गए थे और महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स खरीदे थे। गिरोह में शामिल लोग शोरूम के यूपीआई स्कैनर को राजस्थान के एक साथी के साथ साझा करते थे जो शोरूम में पैसे ट्रांसफर करता था। माल की डिलीवरी लेने के बाद साथी बैंक में चार्जबैक शिकायत दर्ज कराता थाए जिससे लेन.देन उलट जाता था और पैसा गिरोह के खाते में वापस आ जाता था। इन मामलों में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत के लिए अदालत में पेश किया गया।सहायक पुलिस आयुक्त ;एसीपी सीसीएस शशांक रेड्डी और कलिंग राव के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त ;डीसीपी अपराध के नरसिम्हा की देखरेख में एम पवन ;पुलिस निरीक्षक डीआई केपीएचबीए डीआई नरसिंगी और डीआई मदापुर के नेतृत्व में शमशाबाद सीसीएस टीम ने साइबराबाद के पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती के निर्देश पर आरोपियों को गिरफ्तार किया और चोरी की गई संपत्ति बरामद की। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त ने टीम की सराहना की और उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें उचित रूप से पुरस्कृत किया गया।

## रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की नाकाम साजिश

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के शिवराजपुर क्षेत्र में बीती रात कानपुर अनवरगंज से भिवानी जा रही 14117 कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की नाकाम साजिश की गई।अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंद्र ने सोमवार को बताया कि रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे बर्राजपुर और बिल्हौर रेलवे स्टेशन के बीच खम्बा नंबर 37/17 के पास रेलवे ट्रैक पर एक घरेलू सिलेंडर रख कर ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। इंजन से किसी भारी वस्तु के टकराने का अहसास होते ही लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं।






# ह्युंडई ने लॉन्च की नई अल्काजार एक्स शोरूम कीमत 14.99 लाख

नई दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड एचएमआईएल ने सोमवार को अपनी न्यू ह्युंडई अल्काजार एसयूवी को लॉन्च किया जिसकी दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 14.99 लाख रुपए और 15.99 लाख रुपए है।कंपनी के प्रबंध निदेशक उनसू किम ने इसे लॉन्च करते हुए कहा कि ह्युंडई मोटर इंडिया में हम अपने डायवर्स एवं वर्सटाइल प्रोडक्ट के माध्यम से ग्राहकों के अनुभव को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों को समझने और साथ ही उनकी उम्मीदों के अनुरूप बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




बोल्ड न्यू ह्युंडई अल्काजार हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम अपनी इस इंटेलीजेंट वर्सटाइल और इंटेंस एसयूवी को लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं जो एसयूवी सेगमेंट में ग्रैंडनेस कंफर्ट एवं कन्वीनियंस को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। हमें भरोसा है कि इस एसयूवी से हमारे ग्राहकों को यूनीक वैल्यू एक्सपीरियंस होगा। उन्होंने कहा कि 6 एवं 7 सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध बोल्ड न्यू ह्युंडई के साथ मिलेगी इंटेंस पावरफुल और फन.टु.ड्राइव परफॉर्मेंस। 15 लीटर टर्बो जीडीआई पेट्रोल इंजन ;6 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 7 स्पीड डीसीटीद्ध और 1.5 लीटर सीआरडीआई डीजल इंजन ;6 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से लैस है।दूसरी पंक्ति में वेंटिलेटेड सीट के साथ दूसरी पंक्ति में थाई कुशन एक्सटेंशन सीट्स में बेहतर कुशनिंग और बोलस्टरिंग विंग टाइप हेडरेस्ट जैसे कुछ नए फीचर्स भी दिए गए हैं। यह एनएफसी टेक्नोलॉजी के साथ डिजिटल की भी है। 19 फीचर्स के साथ ह्युंडई स्मार्टसेंस लेवल 2 एडीएएस से ड्राइविंग सेफ्टी कन्वीनियंस और पार्किंग सेफ्टी सुनिश्चित होती है।

सराउंड व्यू मॉनीटरए 6 एयरबैग रेन सेंसिंग वाइपर हिल डिसेंट कंट्रोल सभी चार व्हील्स में डिस्क ब्रेक और कई अन्य फीचर्स समेत 40 स्टैंडर्ड और कुल 70 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स दिये गये हैं। यह चार अलग.अलग वैरिएंट एग्जीक्यूटिव प्रेस्टीजए प्लेटिनम और सिग्नेचर में उपलब्ध है। इसके पेट्रोल संस्करण की शुरूआती कीमत 14.99 लाख रुपए और डीजल मॉडल की शुरूआती कीमत 15.99 लाख रुपए है।

## उदयपुर के मावली में पटवारी 5000 रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

उदयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने उदयपुर के मावली तहसील के हल्का ढूंढीया के पटवारी को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेरहड़ा ने सोमवार को बताया कि ब्यूरो की उदयपुर में विशेष इकाई को परिवादी ने शिकायत की कि राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण शुद्धीकरण करने की एवज में ढूंढीया हल्के का पटवारी भरत कुमार मीणा 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर ब्यूरो की उदयपुर इकाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में गठित दल ने सत्यापन के बाद भरत कुमार मीणा को परिवादी से पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

## पुष्पा 2 में धमाकेदार आइटम नंबर करेंगी जान्हवी कपूर या तृप्ति डिमरी!

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 में जान्हवी कपूर या तृप्ति डिमरी धमाकेदार आइटम नंबर करती नजर आ सकती हैं।अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा में सामंथा रुथ प्रभु ने धमाकेदार आइटम नंबर ऊ अंटावा किया था जो काफी लोकप्रिय हुआ।



अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 के प्रशंसक इस बार भी एक धमाकेदार आइटम सॉन्ग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है।कहा जा रहा है कि पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ डांस करने के लिए जान्हवी कपूर और तृप्ति डिमरी के नाम पर विचार किया जा रहा है। चर्चा है कि निर्माताओं ने इस गाने में धमाल मचाने के लिए एनिमल फेम तृप्ति डिमरी के नाम को लगभग फाइनल कर लिया है। पुष्पा 2 का निर्देशन सुकुमार कर रहे हैं इस फिल्म का संगीत डीएसपी ने तैयार किया है। यह फिल्म 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी।

# Amit Shah releases '200 Not Out' documentary of Mumbai Samachar in Mumbai, Maharashtra

Union Home Minister and Minister of Cooperation, Shri Amit Shah released '200 Not Out' documentary of Mumbai Samachar in Mumbai, Maharashtra today. Many dignitaries including Chief Minister of Maharashtra, Shri Eknath Shinde were present on the occasion.

n his address, Shri Amit Shah said that it is very difficult to run any institution for over two centuries, that too a local newspaper. He said that Mumbai Samachar has set an example of credibility. Shri Shah said that one has to work very hard to earn such credibility. He added that a politician not associated with any ideology cannot do good work whereas no newspaper associated with any ideology can do good work. He said that Mumbai Samachar remained connected with its readers without being associated with any ideology and kept delivering the truth to them.



Union Home Minister said that a Gujarati who proved the same purpose for which Jhansi Ki Rani sacrificed her life, took oath in 2014, 'Mumbai Samachar' is the only newspaper that published both these news. Shri Shah said that this is the only newspaper that has reported on occasions like the 1857 revolution, the formation of Congress, the beginning of Ganesh Utsav by Lokmanya Bal Gangadhar Tilak ji, the struggle between Gokhale-Tilak and Gandhi Ji's rise to prominence, Quit India Movement, Salt Satyagraha, Independence Day and 75 years of Independence.

# वर्तमान और भविष्य में होने वाली खोजों के सूत्र समाहित है भारतीय ज्ञान परम्परा में -प्रो.भगवती प्रकाश शर्मा

## जयदेव पाठक जन सेवा न्यास की 17वीं राज्य स्तरीय व्याख्यान माला

अजमेर। भारत के प्राचीन सहित्य ज्ञानविज्ञान का समग्र कोष हैं। विदेशी विद्वान मार्क ट्वेन ने इस सन्दर्भ में कहा है कि विश्व में अब तक हुई और भविष्य में होने वाली लगभग सभी खोजों के सूत्र भारतीय प्राचीन ग्रंथों में खोजे जा सकते हैं। यह विचार रविवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थित राजीव सभागार में विद्या भारती राजस्थान से सम्बद्ध जयदेव पाठक जन सेवा न्यास द्वारा आयोजित 17वीं व्याख्यान माला में मुख्यवक्ता के रूप बोलते हुए यूनेस्को के महात्मा गांधी शांति एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष प्रो.भगवती प्रकाश शर्मा ने व्यक्त किए।





भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय साहित्यों में विश्व की अकूत ज्ञान सम्पदा समाहित हैं किन्तु दुर्भाग्य से विदेशी षड्यंत्रों द्वारा एक ओर जहां अपने शास्त्रों के अध्ययन की व्यवस्था को नष्ट किया गयाए वहीँ दूसरी ओर विदेशी साहित्यकारों को मूल भारतीय साहित्यों के विकृतीकरण के लिए प्रोत्साहन और पुरस्कृत किया गया जिसके कारण भारतीय जन मानस आज भ्रमित होता दिखने लगा है।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि शुद्र शब्द की उत्पत्ति स्वेद शब्द से हुई जिसका अर्थ है पसीना अर्थात अपना पसीना बहाकर सृजन या उत्पादन करने वाले आज की भाषा में जिसे हम स्किल्ड लेबर कह सकते हैंए जिसके आभाव में हम किसी अर्थव्यवस्था की कल्पना नहीं कर सकते लेकिन ज्ञान के विकृतीकरण के कारण और अपने शास्त्रों के अध्ययन के अभाव में इस शब्द की विकृत व्याख्याएं हो रही हैं जो भारतीय समाज की एकता और बंधुता को समाप्त करने के लिए हथियार के रूप में उपयोग की जा रही है। ऐसा विकृतीकरण केवल एक नहीं अपितु सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है। अतः भारतीय ज्ञान परम्परा का अध्ययन करने की अतीव आवश्यकता है।

आयोजन की प्रस्तावना रखते हुए विद्या भारती राजस्थान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवप्रसाद ने बताया की जयदेव पाठक एक श्रेष्ट आचार्य कर्मयोगी रहे उनका पूरा जीवन भारत केन्द्रित सादगी पूर्ण तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा सभी को सुलभ करवाने के लिए समर्पित रहा। वो प्रत्येक शिक्षक प्रधानाचार्य के लिए प्रेरणा के स्त्रोत रहे। इसीलिए उनके मृत्यु उपरान्त जयदेव पाठक न्यास द्वारा प्रतिवर्ष राजस्थान के अलग.अलग शहरों में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर राजस्थान भर में विद्या भारती विद्यालयों से चयनित श्रेष्ठ आचार्यों और प्रधानाचार्यों का सम्मान किया जाता हैं जिसका यह 17वां आयोजन अजमेर में संपन्न हुआ।अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज बहरवाल ने कहा की भारतीय ज्ञान परम्परा का यह प्रकाश न केवल अतीत अपितु वर्तमान में भी फिर एक बार विश्वव्यापी होता दिखता है।

जब अमरीका के राष्ट्रपति अमरीकी बच्चों को यह कहते पाए जाते हैं की पढाई करो वर्ना भारतीय सब क्षेत्रों में कब्ज़ा कर लेंगे। इस मेधा और ज्ञान को अधिक उज्जवल करने का महत्वपूर्ण दायित्व आचार्यों की समर्पित टोली का ही है। कार्यक्रम में निरंजनी अखाडा के महाराज श्रीश्री 1008 श्री महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर पूरी का संत आशीर्वचन प्राप्त हुआ।

उन्होंने विद्या भारती विद्यालयों में जय देव पाठक जैसे आचार्यों की प्रेरणा लेकर काम कर रहे आचार्यों की प्रशंसा करते हुए अपने कार्य को अधिक गति से करने का सन्देश दिया। विद्या भारती राजस्थान के प्रचार प्रमुख नवीन झा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आयोजन में इस वर्ष श्रद्धेय जयदेव पाठक पुरस्कार पूरे राजस्थान से 9 श्रेष्ठ आचार्यए 9 श्रेष्ठ प्रधानाचार्य सहित सर्वाधिक संख्या वृद्धि वाली 9 शिशुवाटिकाओं सहित सबसे स्वच्छ विद्यालय की दृष्टि से 3 विद्यालयों को प्रदान किया गया।

### श्रद्धेय जयदेव पाठक पुरस्कार 2024 से इनका सम्मान

श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में गोपाल लाल गुर्जर ;माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर राजमहल देवली टोंक दया कंवर ;श्री जगन्नाथ कंदोई बाआविम तारानगर चूरू मोहन लाल माली ;सुरेशम आदर्श विद्या मंदिर पिपलई सवाई माधोपुर शंकरलाल पालीवाल ;विद्या निकेतन माध्यमिक नाथद्वारा राजसमन्द श्री कपिल निम्बार्क आदर्श विद्या मंदिर कोठार मौहल्ला शाहपुरा भीलवाड़ा दीनदयाल नागर ;स्वामी विवेकानंद माध्यमिक बारां, प्रवीण कुमार आदर्श विद्या मंदिर माध्यण् रेवदर जिला सिरोही कैलाश सोनी ;आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक बिलाडा जोधपुर भोमसिंह आदर्श विद्या मंदिर रामदेवरा जिला जैसलमेर का सम्मान किया गया।

श्रेष्ट आचार्य के रूप में दिनेश कुमार तिवाड़, श्री चिरंजीलाल धाउमाआविम रतनगढ़ चूरू शंभू दयाल शर्मा आदर्श विद्या मंदिर उमा मण्डावरी दौसाए विनोद कुमार जैन बा माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर सवाई माधोपुरए पद्मा पण्ड्या विद्या निकेतन माध्यमिक गोकुलपुरा डूंगरपुर मीना राठौड़ विद्या निकेतन माध्यमिक सेक्टर 14 उदयपुर ममता शर्मा आदर्श विद्या मंदिर उमा ब्यावर अजमेर भावेश जी आदर्श विद्या मंदिर उमा पेवेलियन सिरोही कल्पना आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रायसिंह नगर श्रीगंगानगर पुखाराम आदर्श विद्या मंदिर उमा माजीवाला जिला बालोतरा का सम्मान किया गया।

शिशु वाटिका में सर्वाधिक संख्या वृद्धि के लिए सम्मानित विद्यालयों में सरस्वती शिशु मंदिर ममिकण्डिया रोड पाली सरस्वती बालिका विद्या मंदिर जवाहरनगर जयपुर आदर्श विद्या मंदिर गांधीपुरी शाहपुरा भीलवाड़ा नवीन आदर्श विद्या मंदिर पिण्डवाड़ा रोड़ सिरोही आदर्श विद्या मंदिर शिशु वाटिका केशव परिसर जोधपुर विद्या निकेतन माध्यमिक धरियावद प्रतापगढ़ आदर्श विद्या मंदिर छबडा बारां उप्रा सरस्वती शिशु मंदिर निवाई शहर टोंक माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर नगरफोर्ट टोंक का सम्मान किया गया।

राजस्थान में स्वच्छता की दृष्टि से क्रमशः आविनि शाहपुरा भीलवाड़ा, सुशीलादेवी प्रकाशराय मोदी बालिका आविनि सिरोही माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर निवाई टोंक को प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कारों की घोषणा जोधपुर प्रान्त निरीक्षक गंगाविष्णु परिचय एवं स्वागत चित्तौड़ प्रान्त सचिव मानेंग पटेल, धन्यवाद ज्ञापन जन सेवा न्यास के अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा ने तथा सञ्चालन भूपेंद्र उबाना ने किया।

## राष्ट्रीय बूची प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्रा ने जीता कांस्य पदक

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में चाचियावास स्थित राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित मीनू स्कूल की दिव्यांग छात्रा हर्षिता हाडा ने स्पेशल ओलंपिक भारत के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय बूची प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता एक से पांच सितंबर 2024 तक अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र ग्वालियर ;मध्य प्रदेश में आयोजित की गई जिसमें 27 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# मानव अधिकार मिशन भारत की अजमेर ईकाई का शपथ ग्रहण

अजमेर। मानव अधिकार मिशन भारत की अजमेर ईकाई का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रविवार को एक निजी होटल में आयोजित किया गया। इससे पहले एक मिटिंग में अजमेर जिले की कमेटी का गठन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि मानव अधिकार मिशन भारत के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमएस जन्मेदा तथा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में फरीदाबाद के मंडल उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार शामिल हुए।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमएस जन्मेदा ने इस मौके पर कहा कि मानव अधिकार मिशन संस्था के बारे जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से प्रदान किए गए बैज व आईडी कार्ड को सदैव लगाए साथ ही इनका प्रयोग नियमों के अंतर्गत करें। उन्होंने बताया कि संस्था के पंजीकृत समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों को इस प्लेटफार्म का उपयोग आमजन के हितार्थ व मानव अधिकारों की रक्षा संबंधी कार्य करते समय अनिवार्य रूप से करना है। इसका दुरूपयोग सर्वदा निषेध है ओर ऐसा करने पर संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।फरीदाबाद के रविन्द्र कुमार ने संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों को तटस्थ भाव व धैर्य पूर्वक काम करने का आग्रह किया। संस्था के निर्धारित उद्देश्यों के तहत आने वाले कार्य प्रकारों के अनुरूप ही जरूरत पडने पर प्रशासन के उच्चाधिकारियों से संपर्क करना है।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने मानवाधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मानव को जन्म के समय से ही स्वतंत्रतापूर्वक जीवन यापन का अधिकार भोजन का अधिकार चिकित्सा का अधिकार शिक्षा का अधिकार व अन्य आवश्यक अधिकार जो कि मूलभूत अधिकारों में आते हैं स्वतरू ही मिल जाते हैं। उन्होंने समाज में पीडित व्यथित को विधि सम्मत सहायता प्रदान कराकर उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने के प्रयास करने का आहवान किया।संस्था की अजमेर ईकाई की ओर से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी रखा गया। इसका संचालन तरुण वर्मा ने किया। अंत में अध्यक्ष वीपी सिंह ने राष्ट्रीय स्तर के पधारे पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। शपथ ग्रहण समारोह में विजय प्रताप सिंहए भूपेन्द्र सिंह नेगी, तरुण वर्मा,मनोज कुमार, शैलेन्द्र शर्मा, नरेश कुमार साहू, सोहन सिंह दासाणा, लोकेश शर्मा, धन सिंह, देवेन्द्र कुमार राजोरिया तृप्ति वर्मा आशा आर्य अनिता खुराना,अशोक भारद्वाज,सचिन शर्मा, एडवोकेट बबीता टांक, विरेन्द्र सिंह राठौड,गौरव गुंजन सिंह,गोपाल दास मूंदडा, ब्रजराज सिंह राठौड, महेन्द्र मोहन बारोटिया, प्रशांत पाटिदार,सोहनलाल भाडा,मृणाल कुमार, पदमचंद जैन, विनय कुमार श्रीवास्तव, रामसिंह सोलंकी, अविनाश जेम्स, राजेश कुमार जाजोरिया आदि मौजूद रहे।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)